29.05.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ सर्वोच्च न्यायालय ने देश के सभी उच्च न्यायालयों को सुरक्षित रखे गये फैसलों को तीन महीने के भीतर सुनाने के निर्देश दिए।

○ पीएम सूर्य घर योजना के तहत अब तक देशभर में 40 लाख मकानों की छत पर सोलर पैनल लगाये जा चुके हैं।

○ प्रदेश में सत्यापन से वंचित पेंशनधारकों का आगामी 15 दिनों में अभियान चलाकर सत्यापन करवाया जाएगा।

○ राज्य में आंधी–बारिश की गतिविधियों से लू और तपिश से मामूली राहत–आज और कल अधिकतर स्थानों पर आंधी–बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने देश के सभी उच्च न्यायालयों को सुरक्षित रखे गये फैसलों को तीन महीने के भीतर सुनाने के निर्देश दिए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने आज कहा कि फैसलों में देरी से याचिकाकर्ताओं को अपूरणीय क्षति हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय की आवश्यकता पर बल दिया। पीठ ने कहा कि जमानत आवेदनों पर आदेश उसी दिन या अगले दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि जमानत या सजा निलंबन का आदेश सुनाए जाने के तुरंत बाद जेल अधिकारियों को सूचित करना अनिवार्य है। विचाराधीन कैदी को उसी दिन या अधिकतम अगले दिन रिहा किया जाना चाहिए।

000

उच्चतम न्यायालय ने आज नीट पेपर लीक मामले में दायर याचिकाओं को लेकर भी सुनवाई की। न्यायमूर्ति पी.एस.नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ ने कहा कि इस मामले में चूक की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। इन याचिकाओं में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के पुनर्गठन या इसे हटाने का निर्देश देने और इसके स्थान पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिये एक सशक्त और स्वायत्त निकाय के गठन की मांग की गयी थी। अब इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह में होगी।

000

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि नीट पेपर लीक की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि पुनर्परीक्षा उचित और व्यवस्थित तरीके से बिना किसी त्रुटि के संपन्न की जाएगी। डीडी न्यूज के साथ साक्षात्कार में छात्रों को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने आश्वस्त किया कि सरकार उनकी चिंताओं को समझती है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच त्रुटि रहित परीक्षा आयोजित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

000

भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत अब तक 40 लाख मकानों की छत पर सौर पैनल लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना सिर्फ नवीकरणीय ऊर्जा की पहल नहीं है, बल्कि यह नागरिकों को बिजली उपभोक्ता से बिजली उत्पादक बना रही है। इस योजना से परिवारों को बिजली के खर्च में कमी लाने, सरकारी सब्सिडी का लाभ उठाने और शून्य बिजली बिल की ओर बढ़ने में मदद मिल रही है।

000

केंद्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री प्रो. एस पी सिंह बघेल ने कहा है कि भारत को 2047 तक विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य, निचले स्तर पर प्रत्येक नागरिक को सशक्त किए बिना हासिल नहीं हो सकता है। आज गुवाहाटी में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा सेवा से समृद्धि क्षेत्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने ग्राम स्तर पर नागरिकों को सशक्त बनाने पर जोर दिया। श्री बघेल ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हर व्यक्ति तक सार्वजनिक सेवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि गांवों में हर व्यक्ति तक सुशासन और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में साझा सेवा केंद्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यशाला में राजस्थान सहित सात राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

000

राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया एक जून से शुरू होगी। राजस्थान में राज्यसभा के तीन सदस्यों का निर्वाचन होना है। नाम निर्देशन 8 जून तक दाखिल किये जा सकते हैं। रिटर्निंग ऑफिसर भारत भूषण शर्मा ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 9 जून को की जायेगी। 11 जून तक नाम वापिस लिये जा सकते हैं। मतदान होने की स्थिति में 18 जून को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसी दिन शाम 5 बजे मतगणना की होगी।

000

प्रदेश में सत्यापन से वंचित पेंशनधारकों का आगामी 15 दिनों में अभियान चलाकर सत्यापन करवाया जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सभी जिलों को इस बारे में निर्देश जारी किये हैं। श्री गहलोत आज जयपुर में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 89 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स हैं, इनमें से साढे 96 प्रतिशत पेंशनधारकों का सत्यापन हो चुका है। बैठक में विभाग से जुडे वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

000

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआइए की टीमों ने आज अजमेर और नीमराना क्षेत्र में एक साथ कार्रवाई करते हुए कुछ स्थानों पर छापेमारी की। सुबह से शुरू हुई इस कार्रवाई में केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस और सुरक्षा बल भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई संदिग्ध गतिविधियों और कुछ लोगों के आपराधिक नेटवर्क से जुड़े इनपुट के आधार पर की गई। एनआईए की अलग–अलग टीमों ने अजमेर शहर और नीमराना के कुछ इलाकों में संदिग्ध ठिकानों पर दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य सामग्री की जांच की। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों से पूछताछ भी की गई।
हालांकि, एजेंसी की ओर से आधिकारिक तौर पर मामले के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है।

000

"वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान–2026" के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में जल और पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के नींदड़ में जल संरक्षण कार्यों में श्रमदान किया। इस अवसर पर उन्होंने ईको ट्रेल ट्रैक का उद्घाटन भी किया। वनमंत्री संजय शर्मा भी वहां मौजूद रहे। सवाईमाधोपुर जिले की अमरगढ़ ग्राम पंचायत में कलश यात्रा, पीपल पूजन और पौधारोपण गतिविधियों के साथ पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। जैसलमेर की भणियाणा पंचायत समिति में पारंपरिक लोक संस्कृति और धार्मिक आस्था के अनुरूप पीपल पूजन किया गया। ग्रामीण महिलाओं ने मंगल गीतों के साथ कलश यात्रा निकाली। झुंझुनूं जिले के चिड़ावा क्षेत्र के बिलावड़ी जोहड़ में श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर जिला कलेक्टर अरूण गर्ग ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों को जल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक कर उनकी सहभागिता बढाना है।

000

अभियान के तहत सिरोही में सीएसआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अभियान के उद्देश्यों, जल संरक्षण गतिविधियों तथा जनभागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। चूरू और पाली सहित अन्य जिलों में भी जल चौपाल, स्वच्छता अभियान, तालाबों और जोहड़ों की साफ–सफाई तथा जल संरक्षण शपथ कार्यक्रम रखे गये।

**000**

प्रदेश में आंधी–बारिश की गतिविधियों से लोगों को सूरज की तपिश से राहत मिली है। कई जिलों में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि जैसलमेर और फलौदी में आज भी तेज गर्मी का असर रहा। अन्य जिलों में दिन के समय तेज धूप रही, लेकिन दोपहर बाद राज्य के कई हिस्सों में तेज हवाएं, आंधी और कहीं–कहीं हल्की बारिश के समाचार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज से आंधी–बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने तथा बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर और कोटा संभागों में कुछ स्थानों पर तेज अंधड, हल्की से मध्यम बारिश तथा कहीं–कहीं ओलावृष्टि की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कई उत्तरी पूर्वी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट है। कल भी राज्य के ज्यादातर जिलों में आंधी–बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं।

**000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने का आज अंतिम दिन है।

**000**